लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *34

18 दिसंबर, 2017 को उत्तर के लिए

बोकारो इस्पात संयंत्र के कबाड़ को हटाना

***34. श्री रवीन्द्र कुमार राय**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या एक वर्ष बीत जाने के बाद भी बोकारो इस्पात संयंत्र से कबाड़ को हटाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है जिससे लगभग 500 मजदूर बेरोजगार हो गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा इसके कारण क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के अधिकारियों की जवाबदेही तय की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का उस कम्पनी का ठेका रद्द करने का प्रस्ताव है जिसने उक्त कार्य शुरू नहीं किया था तथा इसे दूसरी कम्पनी को देने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह)

(क) से (ङ): एक विवरण लोक सभा के पटल पर रख दिया गया है।

“बोकारो इस्पात संयंत्र के कबाड़ को हटाना” के बारे में श्री रवीन्द्र कुमार राय, संसद सदस्य द्वारा लोक सभा में दिनांक 18 दिसंबर, 2017 को उत्तर देने के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *34 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ख): बोकारो इस्पात संयंत्र से स्क्रैप हटाना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। ब्लास्ट फर्नेस स्लैग डंप पर मौजूद स्क्रैप को हठाने का पिछला ठेका 07.12.2016 को समाप्त हो गया था। सेल द्वारा 15.04.2017 को यह कार्य पहले ही सौंपा दिया गया है और संबंधित ठेकेदार को 28.06.2017 को कार्यस्थल की अनुमति दी जा चुकी है। सफल बोली दाताओं को ठेके की शर्तों के अनुसार यह कार्य पूरा करना है।

(ग) से (ङ): (क) से (ख) में उल्लिखित उत्तर को देखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता।

******